DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR

QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR PERIODIC ASSESSMENT-2 (2018-19)

SUBJECT- HINDI (2L)

CLASS-IX

**PA-2- Syllabus –**

साहित्य – दुख का अधिकार , एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा , अतिथि तुम कब जाओगे , कीचड़ का काव्य , रैदास के पद , रहीम के दोहे, आदमीनामा, एक फूल की चाह

संचयन – गिल्लू, स्मृति

व्याकरण – वर्ण विच्छेद , अनुस्वार , अनुनासिक , नुक्ता, स्वर संधि , उपसर्ग- प्रत्यय, विराम चिह्न, अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

---

दुख का अधिकार

लेखक- यशपाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) भगवाना कौन था ?

ख) पोशाक और मनुष्य की स्थिति में क्या संबंध है ?

ग) दुख का अधिकार कहानी समाज की किस मानसिकता को उजागर करती है ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) पाठ दुख का अधिकार में लेखक ने समाज की किन विसंगतियों को उजागर किया है ?

ख) लेखक की बुढ़िया के प्रति सहानुभूति प्रकट करने में पोशाक क्यों अड़चन बन गई ?

ग) वायु की लहर और पोशाक में क्या समानता बताई गई है ?

घ) बुढ़िया के दुख तथा संभ्रांत महिला के दुख में क्या अंतर था ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था ?

ख) ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए ?

ग) शोक करने , ग़म मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और ---- दुखी होने का भी एक अधिकार होता है। ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) दुख का अधिकार कहानी में किन सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया गया है ?

ख) दुख का अधिकार कहानी समाज में व्याप्त असमानता को उजागर करती है। स्पष्ट करें।

ग) बुढ़िया के दुख तथा संभ्रांत महिला के दुख को दिखाकर लेखक क्या सिद्ध करना चाहते हैं ?

घ) व्यक्ति के सुख- दुख में समाज की क्या भूमिका होती है अथवा क्या भूमिका होनी चाहिए , दुख का अधिकार पाठ के आधार पर लिखिए।

---

## एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा

लेखिका- बचेंद्री पाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) डॉ मीनू मेहता ने पर्वतारोही दल को क्या सूचना दी ?

ख) ल्हाटू कौन था ? उसने लेखिका की मदद किस प्रकार की ?

ग) साउथ कोल किस नाम से प्रसिद्ध है ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) बेस कैंप क्या होता है ? अग्रिम दल मुख्य दल से बहुत पहले क्यों चल रहा था ?

ख) एवरेस्ट शिखर पर जानेवाले पर्वतारोही को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था ?

ग) अंगदोरजी कौन था और लेखिका उसके साथ चोटी पर जानें के लिए क्यों तैयार हुई ?

घ) कर्नल खुल्लर कौन थे ? लेखिका के एवरेस्ट शिखर तक पहुँचने में उनकी क्या भूमिका थी ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) यह मुझे डराने के लिए काफी था फिर भी मैं एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी ।

ख) यह इतनी ऊँचाई पर सुरक्षा कार्य का एक ज़बरदस्त साहसिक कार्य था ।

ग) देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में वापस जाओगी, जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लेखिका की पर्वतीय यात्रा में लोपसांग और ल्हाटू ने किस प्रकार उनकी मदद की ?

ख) जीवन में साहस और लगन की भूमिका , सफलता प्राप्त करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है । एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट करें ।

ग) एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा पाठ की लेखिका बचेंद्री पाल की शिखर यात्रा में कितने पड़ाव थे ? वर्णन कीजिए ।

---

## अतिथि तुम कब जाओगे

लेखक- शेखर जोशी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) अतिथि के अकस्मात आगमन पर लेखक ने कैसी प्रतिक्रिया प्रस्तुत की थी ?

ख) किस घटना ने लेखक को एहसास कराया कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता ?

ग) लेखक की कौन सी आशंका निर्मूल नहीं थी ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सत्कार का आखिरी छोड़ किसे कहा गया है?

ख) पति पत्नी ने मेहमान का स्वागत किस प्रकार किया ?
ग) जब अतिथि चार दिनों तक नहीं गया तब लेखक के बर्ताव में क्या क्या परिवर्तन आए ?
घ) संबंधों का संक्रमण के दौर से गुजरना ----- कथन से आप क्या समझते हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –
क) लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे ।
ख) यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी ।
ग) मेरे अतिथि , मैं जानता हूँ कि अतिथि देवता होता है, पर आखिर मैं भी मनुष्य हूँ ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –
क) अतिथि देवो भव उक्ति का अर्थ स्पष्ट करें । पठित पाठ के आधार पर वर्तमान समय में इस उक्ति की सार्थकता सिद्ध करें ।
ख) लोग दूसरों के होम की स्वीटनेस को न काटने दौड़ें --- इस कथन से लेखक का क्या आशय है , अतिथि तुम कब जाओगे , पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

---

## कीचड़ का काव्य

लेखक- काका कालेलकर

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---
क) कीचड़ की सुंदरता को काका साहब ने किन-किन रूपों में महसूस किया है ?
ख) सनातन कीचड़ कहकर लेखक ने किसका ज़िक्र किया है ?
ग) कवियों की किस वृत्ति को काका साहब ने युक्तिशून्य कहा है ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –
क) कीचड़ का रंग किन किन लोगों को खुश करता है ?
ख) खंभात में मही नदी के मुख के आगे का कीचड़ क्यों विशेष है ?
ग) कीचड़ देखने के लिए खंभात जाने का परामर्श लेखक ने क्यों दिया है ?
घ) सनातन शब्द का क्या अर्थ है ? रचनाकार ने कीचड़ के लिए इस शब्द का प्रयोग क्यों किया है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –
क) कीचड़ हेय नहीं श्रद्धेय है ।
ख) हमारा अन्न कीचड़ में से ही पैदा होता है इसका जाग्रत भान यदि हर एक मनुष्य को होता तो वह कभी कीचड़ का तिरस्कार न करता ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –
क) कीचड़ को जबकि कोई पसंद नहीं करता लेखक को उसमें कहाँ- कहाँ सौंदर्य दिखाई पड़ा ?
ख) काका कालेलकर ने कवियों की धारणा को युक्तिशून्य क्यों कहा है ?

---

<u>रैदास के पद</u>

<u>कवि- रैदास</u>

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) पहले पद में भगवान के स्वरूप की तुलना कवि रैदास ने किन चीज़ों के द्वारा की है , लिखिए।

ख) रैदास की भक्ति किस भाव की है ?

ग) रैदास ने अपने और प्रभु के संबंध को किस रूप में दर्शाया है?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क)

ख) रैदास ने दूसरे पद में गरीब निवाजू किसे कहा है और क्यों ?

ग) रैदास जी ईश्वर के साथ किन- किन रूपों में एकाकार हो गए हैं ?

घ) कवि ने ईश्वर की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

ङ) कवि ने चंदन और पानी की बात किस संबंध में की है और क्यों ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।

ख) ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै ।

ग) जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) रैदास ने अपने स्वामी को किन किन नामों से पुकारा है, उनकी भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

ख) रैदास ने अपने प्रभु की महिमा का बखान किन शब्दों में किया है, समझाकर लिखिए ।

---

<u>रहीम के दोहे</u>

<u>कवि- रहीम</u>

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) रहीम के काव्य का मुख्य विषय क्या है ?

ख) रहीम के दोहे पाठकों को क्या शिक्षा देते हैं ?

ग) रहीम की काव्यभाषा क्या है ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सुई और तलवार के उदाहरण द्वारा कवि रहीम जी ने जीवन के किस महत्वपूर्ण तथ्य की ओर इशारा किया है ?

ख) मृग मोहित होकर क्या करता है ? रहीम ने किन लोगों को पशु से भी हीन कहा है?

ग) विपत्ति के समय कौन सहायक होता है ? इसे स्पष्ट करने के लिए कवि ने किसका उदाहरण दिया है ?

घ) रहीम के दोहे में पठित अवध नरेश कौन थे ? उन्हें चित्रकूट क्यों जाना पड़ा ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) दीरघ दोहा अरथ के आखर थोरे आहिं ।
ज्यों रहीम नट कुंडली, सिमिटि कूदि चढ़ि जाहिं ।

ख) रहिमन निज मन की बिथा , मन ही राखो गोय ।
सुनि अठिलैंहें लोग सब, बाँटि न लैंहें कोय ।।

ग) बिगरी बात बनै नहीं , लाख करो किन कोय ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) रहीम के दोहों का मूल स्वर या भाव क्या है ? समझाकर लिखें ।

ख) दोहे किस प्रकार मानव को मानवता का पाठ पढ़ा सकते हैं । तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

ग) आप कैसे कह सकते हैं कि रहीम के दोहों की प्रसंगिकता आज भी है ?

---

## एक फूल की चाह

कवि- सियाराम शरण गुप्त

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) एक फूल की चाह कविता किस समस्या पर केंद्रित है ।

ख) देवी का मंदिर कहाँ स्थित था ?

ग) न्यायालय ने सुखिया के पिता को क्या दंड दिया ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सुखिया कौन थी ? उसे क्या हुआ था और उसने अपने पिता से किस चीज़ की मांग की थी ?

ख) सुखिया के पिता ने देवी माँ के भक्तों से क्या प्रश्न किया ?

ग) सुखिया के बाहर खेलने जाने पर पिता का हृदय क्यों काँप उठता था ?

घ) मंदिर से प्रसाद और फूल पाकर भी सुखिया का पिता उसे सुखिया तक क्यों नहीं पहुँचा सका ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) माँ के भक्त हुए तुम कैसे, करके यह विचार खोटा ।
माँ के सम्मुख ही माँ का तुम , गौरव करते हो छोटा ।।

ख) ऐं , क्या मेरा कलुष बड़ा है , देवी की गरिमा से भी ।
किसी बात में हूँ मैं आगे माता की महिमा के भई ?

ग) जान सका न प्रभात सजग से , हुई अलस कब दोपहरी
स्वर्ण घनों में कब रवि डूबा, कब आई संध्या गहरी।।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) एक फूल की चाह कविता के आधार पर सुखिया के पिता की विवशता का वर्णन कीजिए ।

ख) सुखिया का पिता मंदिर में किस सामाजिक बुराई का शिकार हुआ , और कैसे ?

---

## आदमीनामा

कवि- नज़ीर अकबराबादी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ---

क) आदमीनामा कविता की मूल भाव वस्तु क्या है ?

ख) आदमीनामा कविता में किस व्यंग्य को कवि ने प्रस्तुत किया है ?

ग) आदमी की पहचान किससे होती है ?

2) निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) आदमीनामा कविता के माध्यम से कवि ने आदमी के स्वभाव की किस विशेषता पर व्यंग्य किया है ?

ख) आदमीनामा कविता में कवि ने आदमी के कौन - कौन से सकारात्मक रूप बताए हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) पढ़ते हैं आदमी ही कुरआन और नमाज़ याँ
और आदमी ही उनकी चुराते हैं जूतियाँ ।

ख) अशराफ़ और कमीने से ले शाह ता वज़ीर
ये आदमी ही करते हैं सब कारे दिलपज़ीर ।।

ग) अच्छा भी आदमी ही कहाता है ए नज़ीर ।
और सबमें जो बुरा है सो है वो भी आदमी ।।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) आदमीनामा कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

ख) कवि मनुष्य के भिन्न – भिन्न रूप दिखाकर क्या कहना चाहते हैं ?

---

## गिल्लू

लेखिका- महादेवी वर्मा

1) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) गिल्लू की वे कौन सी क्रियाएँ हैं जो मानवीय प्रतीत होती हैं ? इन क्रियाओं से कौन सा जीवन मूल्य उभरकर सामने आता है ?

ख) निरीह एवं मूक जीव जंतुओं के जीवन को संकट में डालने वाले स्वार्थी मनुष्यों को इस पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ?

ग) आहत पशु- पक्षियों की सुरक्षा एवं सेवा किन जीवन – मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं ? गिल्लू पाठ के आधार पर लिखिए ।

घ) लेखिका ने गिल्लू को किस संदर्भ में अपवाद कहा है ? गिल्लू की यह प्रवृत्ति उसकी किस भावना को दर्शाती है ?

ङ) लेखिका के सिर और बालों को सहलाते हुए गिल्लू ने जीव- जंतुओं की किस विशेषता को उजागर किया है ?

---------------------------------------------------------------------

## स्मृति

लेखक- श्रीराम शर्मा

1) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ?

ख) साँप का ध्यान बँटाने के लिए लेखक ने क्या- क्या युक्तियाँ अपनाईं ?

ग) साँप को चक्षुःश्रवा क्यों कहते हैं ? लेखक ने साँप के इस गुण का अनुभव कब और कैसे किया ?

घ) स्मृति पाठ के कथानायक की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

ङ) दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं ---- स्मृति पाठ के आधार पर कथन का विश्लेषण कीजए ।

-------------------0-------------------

**व्याकरण ----**

**रचनात्मक लेखन---**

**1. अनुच्छेद लेखन ( शब्द सीमा -- 100) –**

क)मानवता --- सबसे श्रेष्ठ धर्म

ख) इंटरनेट की उपयोगिता

ग) हमारे देश की संस्कृति पर पाश्चात्य प्रभाव

घ) भारत में बाल मज़दूरी की समस्या

ङ)पृथ्वी का रक्षा कवच – ओजोन

च) विद्यार्थी और अनुशासन

छ) शिक्षक और शिक्षार्थी संबंध

ज) चरित्र निर्माण के बिना शिक्षा अधूरी

झ) बढ़ता तनाव – एक समस्या

**2. अनौपचारिक पत्र लेखन ( शब्द सीमा -- 70)–**

क) दक्षिण भारत में रहनेवाले अपने मित्र को प0 बंगाल की दुर्गा पूजा देखने आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए ।

ख) किसी पुस्तक मेले का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

ग) आपकी स्वरचित कविता मासिक पत्रिका नंदन में प्रकाशित हुई है , इसकी सूचना देते हुए अपने दादाजी को एक पत्र लिखिए ।

घ) इंटरनेट की उपयोगिता बताते हुए लैपटॉप खरीद देने का आग्रह करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

ङ) विदेश स्थित अपने मित्र को भारत के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए ।

च) प्रातः भ्रमण स्वास्थ्य के लिए एक वरदान है , इसका महत्व बताते हुए पिता की ओर से अपने पुत्र को एक पत्र लिखिए ।

छ) स्थानांतरण से परेशान अपने मित्र को पत्र लिखते हुए समझाइए कि परिवर्तन एक सामान्य प्रक्रिया है ।

**3. संवाद लेखन ( शब्द सीमा -- 50)—**

क) अपने पसंदीदा टी0 वी0 कार्यक्रम के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।


ख) पढ़ाई में बच्चों की लापरवाही से परेशान दो शिक्षकों की बातचीत ।
ग) अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो छात्राओं में बातचीत ।
घ) जीवन में परिश्रम का महत्व पर एक शिक्षक और छात्र के बीच बातचीत। ।
ङ) अपने पसंदीदा टी. वी. कार्यक्रम को लेकर दो मित्रों की बातचीत। ।
च) पानी की बर्बादी रोकने के विषय में मालिक और सेवक के बीच बातचीत।
छ) यात्री तथा टिकट निरीक्षक के मध्य संवाद ।


**4. विज्ञापन लेखन (शब्द सीमा - 25)**


क) रक्तदान से संबंधित एक विज्ञापन ।
ख) स्वच्छता अभियान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन ।
ग) नामी कंपनी में एक जेनरल मैनेजर के पद का विज्ञापन ।
घ) घर में बच्चे की देखभाल के लिए एक आया की नियुक्ति का विज्ञापन ।
ङ) सी. बी, एस. ई. स्कूल में कक्षा नर्सरी के लिए दाखिले का विज्ञापन।
च) खादी वस्त्र के लिए एक विज्ञापन ।
छ) विकल्प कोचिंग सेंटर हेतु एक विज्ञापन ।

**5. दिए गए चित्रों का वर्णन 25-30 शब्दों में करें –**









-------------------0------------------